01



# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,शनिवार,13,सितम्बर,2025 Follow us on:/ PLANET NEWS INDIA planetnewsindia776@gmail.com

## मिजोरम के लिए बड़ा दिनः आइजोल पहुंचकर पीएम मोदी ने दी 9000 करोड़ की सौगात;

प्रधानमंत्री ने कहा था कि असली विकास तभी होगा, जब बुनियादी ढांचा देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचे, चाहे वह सीमावर्ती क्षेत्र हों या दूर-दराज के राज्य। उनकी एक दृष्टि यह भी थी कि हर राज्य की राजधानी को रेल से जोड़ा जाए।आज मिजोरम के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूवोत्तर राज्य की राजधानी आइजोल पहुंच गए हैं। हालांकि, भारी बारिश की वजह से प्रधानमंत्री लेंगपुई हवाई अड्डे से



हेलीकॉप्टर के जरिए लामुअल ग्राउंड तक नहीं पहुंच सके। रात से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम के बहुप्रतीक्षित बैराबी–सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि असली विकास तभी होगा, जब बुनियादी ढांचा देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचे, चाहे वह सीमावर्ती क्षेत्र हों या दूर-दराज के राज्य। उनकी एक दृष्टि यह भी थी कि हर राज्य की राजधानी को रेल से जोड़ा जाए।आजादी के 78 वर्षों और भारतीय रेलवे के शुरू होने के 172 वर्षों के बाद मिजोरम आज रेलवे से जुड़ने के साथ ही देश की राजधानी से जुड़ने जा रहा है। यह पहली बार है, जब मिजोरम के लोग रेल की सीटी सुन रहे हैं।

## Supreme Court

### पॉश अधिनियम के तहत शिकायत छह माह में दर्ज कराना जरूरी', अदालत ने खारिज की याचिका

जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला संकाय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने विश्वविद्यालय की स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) के उस फैसले को बहाल करने में कोई कानूनी त्रुटि नहीं की है जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता की शिकायत समय सीमा पार कर चुकी है और खारिज किए जाने योग्य है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम (पॉश), 2013 के तहत शिकायत अधिकतम छह महीने के भीतर दर्ज कराना अनिवार्य है। शीर्ष न्यायालय ने कोलकाता स्थित पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय विधि विज्ञान



विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ एक महिला संकाय की याचिका को समय सीमा समाप्त होने के कारण खारिज करने के फैसले को बरकरार रखा। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला संकाय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने विश्वविद्यालय की स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) के उस फैसले को बहाल करने में कोई कानूनी त्रुटि नहीं की है जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता की शिकायत समय सीमा पार कर चुकी है और खारिज किए जाने योग्य है। हालांकि, पीठ ने कहा कि कुलपति के कथित यौन उत्पीड़न के अपराध

## हैदराबाद में सॉफ्टवेयर कंपनी के ऑफिस में लगी आग

हैदराबाद के माधापुर के अयप्पा सोसाइटी में 100 फीट रोड के पास अपटाउन साइबराबाद बिल्डिंग में स्थित CAMELQ सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के कार्यालय में एयर कंडीशनिंग यूनिट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। एफएस-माधापुर वाटर बॉज़र और एमपीडी माधापुर टीम की त्वरित प्रतिक्रिया से स्थिति पर काबू पाया जा सका। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं।

## मेघालय के पूर्व सीएम डीडी लापांग का निधन

वरिष्ठ राजनेता और मेघालय के चार बार मुख्यमंत्री रहे डोनवा देथवेलसन लापांग 'माहे' का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे




और उनके परिवार में पत्नी एमेथिस्ट लिंडा जोन्स ब्लाह और दो बच्चे हैं। मेघालय सरकार सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करेगी।उनके परिवार ने बताया कि लापांग लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे और शुक्रवार शाम को अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता विन्सेंट एच पाला उस समय अस्पताल में थे जब लापांग ने अंतिम सांस ली 10 अप्रैल, 1932 को जन्मे लापांग ने 1972 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नोंगपोह सीट जीतकर राजनीति में प्रवेश किया।

## Nepal Protest:

### लाठियों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली हैं मोबाइल पर थिरकते अंगूठे, लपटों में झुलसा नेपाल का लोकतंत्र

नेपाल की राजधानी काठमांडो बीते हफ्ते अचानक जल उठी। सोमवार सुबह 9 बजे सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सएप समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक को बंद करने का आदेश दिया। तर्क दिया गया कि इससे अफवाहों और असंतोष पर लगाम लगेगी। पर, हुआ इसके ठीक उलट। सिर्फ तीन घंटे बाद ही यूनिवर्सिटी कैंपस से प्रदर्शन शुरू हो गया।किसी देश की सरकार को गिराने में आज सबसे तेज कौन है? सेना...विपक्ष...जनता...या फिर एक एल्गोरिदम? पिछले तीन वर्षों में, हमारे तीन पड़ोसी देशों श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में जो हुआ, वही इस सवाल का जवाब है।




भीड़ सड़कों पर उतरी, सरकारें गिर गईं और यह सब हुआ सोशल मीडिया के एल्गोरिदम की रफ्तार पर। स्पष्ट है कि मोबाइल फोन पर थिरकते अंगूठे लाठियों से ज्यादा शक्तिशाली हैं।इसके उदाहरण सामने हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडो बीते हफ्ते अचानक जल उठी। सोमवार सुबह 9 बजे सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सएप समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक को बंद करने का आदेश दिया। तर्क दिया गया

## Nepal crisis

### नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी, अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार

Indians stranded in Nepal: नेपाल में फंसे यूपी और अन्य राज्यों के लोगों ने वापसी के लिए विशेष कंट्रोल रूम पर मदद की गुहार मांग रहे हैं। अब तक 251 लोगों की वापसी हो चुकी है।नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में शुक्रवार को भी मदद मांगने का सिलसिला जारी रहा। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 कॉल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात



सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने-पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखने लगा है।चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए।सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू

# Aaj Ka Rashifal13 September

## मकर सहित इन तीन राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहेगा दिन,

13 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 13 सितंबर 2025 का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है।




### मेष

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप मौज मस्ती करते नजर आएंगे और दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आप काम से छुट्टी लेकर रिलैक्स रहेंगे और अपने परिवार के सदस्यों को समय देंगे। संतान को यदि कोई धन से संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

### वृषभ

आज आपकी कोई अधूरी इच्छा थी, तो वह पूरी हो सकती है और आपने यदि किसी को कर्जो दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। जीवन साथी से आपके संबंधों में यदि कुछ कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। आपका कोई पुराना रोग उभरेगा, जो आपको समस्या देगा। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। बड़े सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने माता जी की सेहत को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन आपको व्यर्थ की टेंशन होगी। आपका कोई पेंडिंग पड़ा हुआ काम पूरा हो सकता है, लेकिन उसके लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए रहेगा और कारोबार में आपको काम अधिक होने के कारण कुछ नए लोगों को शामिल करना पड़ सकता है और प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने पार्टनर के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपको अपने आर्थिक मामलों पर खर्चा थोड़ा सोच समझ करना होगा और आपका किसी उतार-चढ़ाव के रहने से मन परेशान रहेगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने से अच्छा लाभ मिलेगा, लेकिन आप कोई जोखिम न लें, क्योंकि इससे आपकी समस्याएं बढेगी। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों से कोई सलाह लेनी पड़ सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। धर्म कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। किसी वाद विवाद को लेकर आपको कानून का दरवाजा बजाना पड़ सकता है। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए चिंता ग्रस्त रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहेंगे। रुपये पैसे से जुड़ा कोई लेनदेन सोच समझ कर करें। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, लेकिन आपको योग व व्यायाम का सहारा लेकर टेंशन से छुटकारा पाने की कोशिश करनी होगी और किसी से धन उधार लेने से बचे।

### वृश्चिक

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने बढ़ते खर्चों को नियंत्रण में करना होगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आएगा। दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। धन को लेकर यदि कोई काम आपका रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको आलस्य दिखाने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके कामों में रुकावट आएंगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारी को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान रखें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह उसे पर अमल अवश्य करेंगे। आपका कोई कानूनी मामला आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपको किसी वाद विवाद को बढ़ावा देने से बचना होगा, तभी परिवार का माहौल भी और शांतिपूर्ण हो सकता है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे, लेकिन आप कोई इन्वेस्टमेंट सोच समझ कर करें। ससुराल पक्ष के कोई व्यक्ति आपसे मिलाप करने आ सकता है।

जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# Himachal Rain

## बिलासपुर में फटा बादल, मलबे में दबीं कई गाड़ियां, भूस्खलन से राज्य में 577 सड़कें बंद



बिलासपुर जिले की उप तहसील नम्होल के गांव गुतराहन में शनिवार सुबह बादल फटने से तबाही हुई है। कई वाहन मलबे में दब गए हैं।हिमाचल प्रदेश में मौसम का कहर लगातार जारी है। बिलासपुर जिले की उप तहसील नम्होल के गांव गुतराहन में शनिवार सुबह बादल फटने से तबाही हुई है। कई वाहन मलबे में दब गए हैं। वहीं ग्रामीण कश्मीर सिंह के खेतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। फसलों को भारी क्षति हुई है। गनीमत यरही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण घुमारवीं में सीर खड्ड का जलस्तर बढ़ गया है। इस बरसात में यह स्तर सबसे ज्यादा है।राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक भूस्खलन से तीन नेशनल हाईवे सहित 577 सड़कें बंद रहीं। 389 बिजली ट्रांसफार्मर व 333 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं। कुल्लू जिले में 174, मंडी 166, शिमला 48, कांगड़ा 45, चंबा 44 व सिरमौर में 28 सड़कें बंद हैं। उधर,भरमौर-पठानकोट हाईवे पर तुन्नूहट्टी, लाहड़, मैहला के समीप बीती रात भारी बारिश के साथ होने वाले भूस्खलन हुआ है। इससे हाईवे पर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रफ्तार थमने से वाहन चालकों और यात्रियों को वाहनों में बैठकर हाईवे बहाल होने का इंतजार करना पड़ा। एनएच मंडल के अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि भारी बारिश के कारण हाईवे पर पेड़ गिरने, मलबा आने से वाहनों की रफ्तार थमी।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई भागों में 19 सितंबर तक बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। 13 व 14 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश, अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट के बीच शनिवार सुबह से कई भागों में झमाझम बारिश हो रही है। शिमला में धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं।


# Lucknow: लखनऊ बस हादसा

## लखनऊ बस हादसे में तीन वजहों ने ले ली पांच की जान, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कैसे हुई दुर्घटना



लखनऊ के काकोरी के टिकैतगंज के पास बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे हुए हादसे की वजह लोगों ने बस की तेज रफ्तार, सड़क पर अंधेरा और वहां मौजूद ट्रैक्टर-टैंकर को बताया है।लखनऊ के काकोरी के टिकैतगंज के पास बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे हुए हादसे की वजह लोगों ने बस की तेज रफ्तार, सड़क पर अंधेरा और वहां मौजूद ट्रैक्टर-टैंकर को बताया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के वक्त बस की रफ्तार 80 से 90 किमी प्रति घंटे की थी। गांव के रहने वाले बबलू रावत और नरेश रावत ने बताया कि घटनास्थल पर टैंकर सड़क किनारे लगे पौधों में पानी डाल रहा था। कुछ मजदूर काम कर रहे थे। पास में दो बाइक सवार भी खड़े थे। इस दौरान हरदोई की तरफ से कैसरबाग डिपो की बस तेज रफ्तार में आई। सबको रौंदते हुए करीब आठ बार लुढ़क कर खाई में जा गिरी। अंधेरा होने की वजह से बस चालक सड़क किनारे खड़े टैंकर को नहीं देख सका।बस चालक, परिचालक और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान में विरोधाभास है। ऐसे में हादसे की वजह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल जाकर चालक और परिचालक का हाल लिया। बताया जा रहा है कि मामले की जांच के बाद ही हादसे की वजह पता चलेगी।टिकैतगंज गांव निवासी राजकुमार रावत, बैजनाथ रावत, कोटेदार चंद्रप्रकाश रावत और प्रधान पति महेंद्र रावत ने बताया कि हादसे के वक्त वह लोग गांव में मौजूद थे। टक्कर होते ही तेज धमाके जैसी आवाज उन्हें सुनाई दी। बिना वक्त गंवाए वह लोग भागकर हाईवे पर

## Big Boss:19 जब कैप्टेंसी का खेल बन गया युद्ध का अखाड़ा, बसीर अली और अभिषेक बजाज में हुई जोरदार भिड़ंत



हाल ही में बिग बॉस 19 का नया प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें बसीर अली और अभिषेक बजाज के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। देखें वीडियो। आए दिन बिग बॉस 19 में अलग-अलग तमाशा होता दिख रहा है। बीते दिन मृदुल तिवारी और शहबाज बदेशा के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई थी। अब शो का एक नया प्रोमो आया है, जिसमें बसीर अली और अभिषेक बजाज के बीच हाथापाई तक बात पहुंच गई और दोनों में खूब कहासुनी हुई। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आइए देखें आखिर क्या हुआ।बिग बॉस 19 के नए प्रोमो ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का काम किया है। इसमें बसीर अली सिंगर अमाल मलिक को कैप्टेंसी टास्क के दौरान सपोर्ट करते नजर आ रहे हैं। वह अपने प्रतियोगी अभिषेक बजाज का ब्लैकबोर्ड तोड़ने की कोशिश करते हैं। वहीं अभिषेक, बसीर से अपना ब्लैकबोर्ड बचाने की कोशिश करते हैं, जिस कारण अभिषेक बसीर को धक्का दे देते हैं और वह नाराज हो जाते हैं।

## दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन, खुद से तैयार किया केक; शेयर की तस्वीर



**Deepika Padukone Daughter Dua 1st Birthday:** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ एक साल की हो गई हैं, बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया।

**तैयार किया चॉकलेट केक**

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई। इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का





बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। **दीपिका ने कहा- ये मेरी प्रेम भाषा है** अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। डनेकर ने दिखाया प्यार इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

## 'सन ऑफ सरदार 2' में खुद को दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी,






बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा 'सन ऑफ सरदार' फिल्म का हिस्सा थीं, जिन्हें दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। हालांकि उन्हें 'सन ऑफ सरदार 2' में मेकर्स ने जगह नहीं दी। उनकी जगह फिल्म में मृणाल ठाकर ने मुख्य भूमिका निभाई। अब सोनाक्षी ने आखिरकार अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म के दूसरे भाग में अपनी अनुपस्थिति पर सफाई दी है। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है कारण। **क्या बोलीं सोनाक्षी सिन्हा?** सोनाक्षी सिन्हा ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में 'सन ऑफ सरदार 2' में हिस्सा ना होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जहां तक मैं देख सकती हूं कि सन ऑफ सरदार 2 फिल्म के लिए वे विदेश गए थे। इसलिए वही किरदार कहानी का हिस्सा नहीं हो सकता था। आप केवल इसके लिए अपमानित महसूस नहीं कर सकते। आपको व्यावहारिक होना होगा और प्रत्येक फिल्म को एक अलग प्रोजेक्ट के रूप में लेना होगा।' सन ऑफ सरदार 2' फिल्म में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकर मुख्य भूमिका में थीं। इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया गया था। वही इस कॉमेडी ड्रामा में रवि किशन, विंदू दारा सिंह और संजय मिश्रा जैसे कलाकार भी मौजूद थे।




## Jolly LLB 3: आ गया 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर, इस बार कोर्ट में मजा और बहस होगी तीन गुना




अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अम्रता राव और संजय मिश्रा सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'जॉली एलएलबी 3' इस कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इससे पहले फिल्म के दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी जॉली बने थे, जो मेरठ से आता है। जबकि दूसरे पार्ट 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। यह जॉली कानपुर से आता है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट में दोनों ही जॉली पहली बार एकसाथ नजर आएंगे।




## रानी मुखर्जी से लेकर अजय देवगन तक, इन कलाकारों ने पर्दे पर निभाया पुलिस का दमदार किरदार

**Police Roles In Bollywood:** पर्दे पर कई कलाकारों ने पुलिस का किरदार निभाया है। इन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। आइए इन कलाकारों के बारे में जानते हैं। मनोज बाजपेयी फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' में इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बॉलीवुड ने कई मशहूर पुलिसवाले दिए हैं। इन लोगों ने अपने साहस से पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी है। आइए, फिल्मी दुनिया के बेहतरीन पुलिस किरदारों पर एक नजर डालते हैं। **साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई।** इस फिल्म में उनके पुलिस वाले रोल को खूब पसंद किया गया। इसके बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न' और 2024 में 'सिंघम अगेन' बनाई।








## विवेक ओबेरॉय ने भाई अक्षय की टिप्पणी पर तोड़ी चुप्पी, बोले- 'इसके लिए सिर्फ वही जिम्मेदार हैं....'

बीते कुछ दिनों पहले बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के चचेरे भाई अक्षय ओबेरॉय ने विवेक के साथ अपने रिश्ते पर बात की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि दोनों में कोई रिश्ता नहीं है। इस बयान से सोशल मीडिया पर हलचल मच गई थी। अब इस पर अभिनेता विवेक ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि लोगों की सफलता उनकी योग्यता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने अपने चचेरे भाई अक्षय को लेकर विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा एक-दूसरे के जन्मदिन, दिवाली या माता-पिता की सालगिरह पर मौजूद रहते हैं।





साथ बड़े होने की हमारी कुछ बेहतरीन यादें हैं।' अभिनेता ने आगे बताया, 'उन्हें जो भी सफलता और प्रशंसा मिली है, वह पूरी तरह से उनके हकदार हैं, क्योंकि इसके लिए सिर्फ वही जिम्मेदार हैं। यह इस बात पर आधारित नहीं होना चाहिए कि आप किसके भतीजे या चचेरे भाई हैं। यह पूरी तरह से योग्यता पर आधारित होना चाहिए। अक्षय ने अपनी योग्यता के दम पर सब कुछ हासिल किया है और मुझे इस पर बहुत गर्व है।'

# Gold Silver Price

## मजबूत वैश्विक मांग के बीच सोना 250 रुपये मजबूत हुआ, चांदी की कीमत में 300 रुपये की गिरावट



श्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली। राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 1,13,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 250 रुपए बढ़कर 1,12,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। वहीं चांदी की कीमतें बुधवार को रिकॉर्ड स्तर से नीचे गिरकर 300 रुपये की गिरावट के साथ 1,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**सोने की कीमतों में अब तक हुई 43.12% की वृद्धि**

इस साल अब तक कीमती धातु की कीमतों में 34,050 रुपये या 43.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़ रही है। मंगलवार को यह कीमती धातु 5,080 रुपये की तेजी के साथ 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। **वैश्विक बाजार में बढ़े सोने-चांदी के दाम**

विदेशी बाजारों में सोना हाजिर 0.85 प्रतिशत बढ़कर 3,657.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। मंगलवार को यह पीली धातु 3,674.75 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गई थी। वहीं हाजिर चांदी 0.88 प्रतिशत बढ़कर 41.23 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू




अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# US-Japan Trade

## अमेरिका-जापान व्यापार समझौता लागू, ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए; बेसलाइन टैरिफ 15%

अमेरिका और जापान के बीच के रिश्ते में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका-जापान व्यापार समझौते को लागू करने वाला एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत जापान से आने वाले लगभग सभी सामानों पर अमेरिका में 15 प्रतिशत आधारभूत टैरिफ (कर) लागू किया जाएगा। साथ ही, जापान ने अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति दी है।



**अमेरिका-जापान के रिश्ते का नया दौर**

इस आदेश में बताया गया है कि यह समझौता अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों के नए दौर की शुरुआत करेगा, जो दोनों देशों के हितों और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। इसके तहत अमेरिका लगभग सभी जापानी आयातों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि कुछ खास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, विमान निर्माण, दवाइयां और प्राकृतिक संसाधनों पर अलग नियम लागू होंगे। बता दें कि इस समझौते के बाद जापान अमेरिका से वाणिज्यिक विमान और रक्षा उपकरण भी खरीदेगा। इसके अलावा, जापान अमेरिका को कृषि, ऊर्जा, वाहन और अन्य उद्योगों में बाजार खोलने का मौका देगा।

# Share Market

## मामूली गिरावट के साथ खुला घरेलू शेयर बाजार, बाद में पकड़ी रफ्तार; हरे निशान पर सेंसेक्स-निफ्टी




अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच एशियाई बाजारों में तेजी देखी गई। इसके चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए उत्साह ने भी बाजारों को सकारात्मक दायरे में बने रहने में मदद की। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 153.82 अंक चढ़कर 81,578.97 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.15 अंक बढ़कर 25,007.25 पर आ गया।

**किसे फायदा-किसे नुकसान?**

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व हरे निशान पर दिखाई दिए। हालांकि, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को एक दिन की राहत के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 115.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले दिन 5,004.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे

## सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

11 Sep 25 | 09:29 | Open

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ADANIPORTS 1414.80 +1.86 % | ETERNAL 329.90 +1.74 % | NTPC 329.30 +1.14 % | BEL 390.80 +0.72 % | SBIN 824.05 +0.70 % | SUNPHARMA 1602.45 +0.55 % |
| POWERGRID 284.05 +0.41 % | BAJFINANCE 971.90 +0.40 % | TCS 3121.45 +0.36 % | ITC 414.40 +0.35 % | TITAN 3630.60 +0.31 % | RELIANCE 1380.80 +0.29 % |
| TATAMOTORS 710.75 +0.25 % | BAJAJFINSV 2042.30 +0.24 % | M&M 3612.10 +0.19 % | LT 3559.80 +0.18 % | TATASTEEL 169.55 +0.12 % | MARUTI 15139.00 +0.10 % |
| AXISBANK 1071.45 +0.07 % | ASIANPAINT 2544.05 +0.07 % | ICICIBANK 1403.50 0.00 % | TRENT 5190.30 -0.14 % | HCLTECH 1462.15 -0.17 % | HINDUNILVR 2639.00 -0.18 % |
| HDFCBANK 964.25 -0.19 % | BHARTIARTL 1886.90 -0.20 % | ULTRACEMCO 12453.70 -0.23 % | KOTAKBANK 1967.40 -0.30 % | TECHM 1515.95 -0.65 % | INFY 1516.25 -1.07 % |

## एनएसई के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर

**Gainers** Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| INDOCO | 317.75 | 40.90 | 14.77 | 2.52 | 7.76 |
| TOLINS | 195.50 | 19.93 | 11.35 | 21.42 | 41.11 |
| CYBERMEDIA | 21.73 | 1.97 | 9.97 | 0.78 | 0.17 |
| KMEW | 1,902.70 | 150.80 | 8.61 | 0.56 | 10.70 |
| GREENPANEL | 295.00 | 22.20 | 8.14 | 0.89 | 2.55 |

Gainers **Losers** Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)


| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| GOODLUCK | 1,076.90 | -73.70 | -6.41 | 2.17 | 23.86 |
| NOIDATOLL | 4.59 | -0.25 | -5.17 | 0.36 | 0.02 |
| BILVYAPAR | 12.42 | -0.66 | -5.05 | 0.04 | 0.00 |
| PREMIER | 3.21 | -0.17 | -5.03 | 0.00 | 0.00 |
| BVCL | 59.40 | -3.13 | -5.01 | 0.11 | 0.06 |

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# IND vs UAE: भारत ने 27 गेंदों में जीता मैच,

## यूएई को नौ विकेट से रौंदकर एशिया कप में की विजयी शुरुआत




**भारत ने नौ विकेट से जीता मुकाबला** एशिया कप 2025 में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को नौ विकेट से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन बना पाई। जवाब में भारतीय टीम ने 4.3 ओवर यानी महज 27 गेंदों में एक विकेट पर 60 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल (20) और सूर्यकुमार यादव (7) नाबाद रहे। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ने एक विकेट झटका। इससे पहले भारतीय टीम के लिए कुलदीप यादव ने चार और शिवम दुबे ने तीन विकेट झटके। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट झटके। अभिषेक शर्मा 30 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जुनैद ने अपना शिकार बनाया। भारत की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक शर्मा और



शुभमन गिल क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की घातक गेंदबाजी यूनिट के खिलाफ यूएई के बल्लेबाजों का जोर नहीं चला और टीम महज 57 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। उनके आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। यूएई की पारी की शुरुआत कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू ने की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बना दिया। पहला झटका टीम को 26 रन पर लगा, जब जसप्रीत बुमराह ने अलीशान शराफू (22 रन) को बोल्ड कर दिया। इसके बाद मोहम्मद जोहेब (2 रन) भी 29 के स्कोर पर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर आउट हो गए। नौवें ओवर में कुलदीप यादव ने कमाल दिखाया और एक ही ओवर में तीन विकेट झटके। उन्होंने राहुल चोपड़ा (3), कप्तान मोहम्मद वसीम (19) और हर्षित कौशिक (2) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यूएई का स्कोर 50 पर ही पांच विकेट खो बैठा। 51 रन पर शिवम दुबे ने आसिफ खान (2) को आउट कर छठा झटका दिया। फिर 52 रन पर अक्षर पटेल ने सिमरनजीत सिंह (1) को एलबीडब्ल्यू कर सातवां विकेट गिराया। जल्द ही दुबे ने ध्रुव पराशर (1) और जुनैद सिद्दीकी (2) को भी आउट कर दिया। अंतिम झटका कुलदीप यादव ने दिया, जब हैदर अली (1) को संजू सैमसन ने कैच पकड़ा। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके, जबकि शिवम दुबे ने 3 विकेट अपने नाम किए। जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती को 1-1 सफलता मिली। यूएई की पूरी टीम बेहद सस्ते स्कोर पर सिमट गई

# World Boxing Championship

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का, नूपुर सेमीफाइनल में पहुंचीं




भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का कर लिया है। नूपुर ने महिला 80 किलो ग्राम से अधिक वर्ग में उजबेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दिग्गज मुक्केबाज हवा सिंह की पौत्री नूपुर ने सोतिमबोएवा को 4-1 से हराया। कुछ माह पूर्व विश्वकप का स्वर्ण पदक जीतने वाली 26 वर्षीय नूपुर को इस टूर्नामेंट में सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला था। विश्व चैंपियनशिप में प्लस 80 भारवर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज ही शिरकत कर रहे हैं, बावजूद इसके नूपुर की उपलब्धि कम नहीं है। उज्बेकिस्तानी मुक्केबाज काफी मजबूत मानी जा रही थीं। उन्होंने नूपुर को कड़ी टक्कर भी दी, लेकिन पिछली विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में नजदीकी हार नूपुर के दिमाग घूम रही थी। नूपुर को 2023 में 2-3 से हार मिली थी। ओल्टीनॉय का इस कारण एक अंक भी कटा। नूपुर ने नजदीक से अच्छे पंच भी जड़े। नूपुर इस जीत के साथ ही कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। इस वर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार रात जादुमणि सिंह (48 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने जीत के साथ पुरुष क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि जुगनू अहलावत (85 किग्रा) का अभियान स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकनल्टी के खिलाफ पहले दौर में हार के साथ समाप्त हो गया।

# Hockey Asia Cup: भारतीय महिला टीम का विजयी क्रम जारी,

## सुपर 4 चरण में कोरिया को हराया; अब चीन से होगा सामना



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशिया कप में अपना विजयी क्रम जारी रखते हुए सुपर चार चरण के पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। यह इस प्रतिद्वंद्वी की छह मैचों में चौथी जीत है। पूल बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और ऋतुजा दादासो पिसल (59वें) मिनट ने गोल दागे। **ऋतुजा के गोल से भारत ने जीत की सुनिश्चित** कोरिया के लिए दोनों गोल यूजिन किम ने 33वें और 53वें मिनट में किए, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। भारत का अब अगला मुकाबला गुरुवार को चीन के साथ होगा। भारत ने शुरुआत में ही पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया और वैष्णवी की मदद से भारत ने खाता खोल लिया, जिन्होंने रिबाउंड पर गोल किया। उदिता के शुरुआती प्रयास को कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया था। संगीता के मैदानी गोल से भारत ने बढ़त पुख्ता कर ली। कोरिया की यूजिन ने भी एक गोल किया। लालरेमसियामी ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। किम ने अपना दूसरा गोल कर स्कोर 2-3 किया पर ऋतुजा के गोल से पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।




# Pro Kabaddi League

## पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।